तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजस्व विविध प्रा०पत्र संख्या 01/2016 श्रीमती सजरी वगैरह बनाम अमराराम वगैरह	
7/12/19	प्रार्थी अभिभाषक ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 19 व धारा 151, 141 व्यवहार प्रकिया संहिता सपठित धारा 65 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम बाबत् अपील को पुनः ग्रहण किये जाने का प्रार्थना पत्र दिनांक 12.07.2016 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि माननीय न्यायालय हाजा में पेशी दिनांक 2.12.2014 को तामील देखने हेतु रखी गयी थी। पेशी दिनांक 2.12.2014 को अपील की पुकार होने पर अपीलार्थीगण कोई उपस्थित नहीं होने के कारण अपील को अदम पैरवी अदम हाजरी में आदेश पारित किया गया। प्रार्थी अभिभाषक ने यह भी कथन किया कि अपील को अदम पैरवी व अदम हाजरी में खारिज करने का आदेश के विरूद्व अपीलार्थीगण ने अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने हेतु एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। उक्त प्रार्थना पत्र को अपीलार्थीगण को सूचित किये बिना प्रत्यर्थीगण से सम्मन प्रस्तुत करने में व्यक्तिक्रम के आधार पर खारिज किये जाने का आदेश दे दिया। अपीलार्थी दूरदराज देहात की रहने वाली है। अपीलार्थी को प्रत्यर्थीगण के लिए सम्मन प्रस्तुत करने की जानकारी नहीं थी। हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। इस प्रकरण में वस्तुस्थिति यह है कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील जो दिनांक 2.12.2014 को अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज की गई थी। प्रार्थी ने पत्रावली पुनः नम्बर पर लेने हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 12.07.2016 को प्रस्तुत किया। जो लगभग दो वर्ष बाद पेश किया। देरी से प्रस्तुत करने का प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया। प्रत्यर्थीगण को जारी नोटिस जो रजिस्टर्ड डाक से भेजे गये वह भी पुनः लौटकर आ गये। अतः प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र विलम्ब से प्रस्तुत करने के कारण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार दाखिल दफ्तर हो। [signature] अपर जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Madan Lal Nehra
Date: 2020.01.07 18:16:58 IST
Reason: SelfAttested